6 माइल, सामदुर, तादोंग -737102
गंगटोक, सिक्किम, भारत
फोन-03592-251212, 251415, 251656
टेलीफैक्स -251067
वेबसाइट - www.cus.ac.in

# सिक्किम विश्वविद्यालय
# SIKKIM UNIVERSITY

6th Mile, Samdur,Tadong -737102
Gangtok, Sikkim, India
Ph. 03592-251212, 251415, 251656
Telefax: 251067
Website: www.cus.ac.in

(भारत के संसद के अधिनियम द्वारा वर्ष 2007 में स्थापित और नैक (एनएएसी) द्वारा वर्ष 2015 में प्रत्यायित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A central university established by an Act of Parliament of India in 2007 and accredited by NAAC in 2015)

SU/2019/FIN-02/BA-12/RGBC/004/1160/Vol-II/855 — दिनांक: 29.08.2019

**परिपत्र - 35/2019**

**विषय : केंद्रीय पुस्तकालय और विज्ञान पुस्तकालय, सिक्किम विश्वविद्यालय में पुस्तकालय से संबन्धित जुर्माना आदि का भुगतान**

यह विश्वविद्यालय के सभी छात्रों, शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के सूचनार्थ है कि सिक्किम विश्वविद्यालय में बिलंब जुर्माना/ अतिदेय शुल्क, प्रतिलिपि पुस्तकालय कार्ड शुल्क और अन्य शुल्क/जुर्माने का भुगतान केंद्रीय पुस्तकालय और विज्ञान पुस्तकालय में नकदी के माध्यम से किए जाने की प्रथा थी।

किन्तु एमएचआरडी के दिनांक 3 जनवरी 2019 के कार्यालय ज्ञापन सं एफ.एन.ओ. 30018/01/2018-सीडीएन के अनुसार उच्च शैक्षणिक संस्थानों (एचईआईएस) के सभी मौद्रिक लेनदेन एमएचआरडी के राष्ट्रीय डिजिटल भुगतान मिशन (एनडीपीएम) के अंतर्गत भुगतान के डिजिटल तरीकों का उपयोग करके किया जाएगा।

अतः सिक्किम विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों के सुविधा के लिए नकदी के प्रयोग से बचने हेतु सीधे अपने क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड का उपयोग करते हुए शुल्कों के भुगतान करने के लिए दो ईटीसी/पीओएस मशीन एक (क) केंद्रीय पुस्तकालय और दूसरा (ख) विज्ञान पुस्तकालय में स्थापित किया है। ऐसे जुर्माने/शुल्कों के भुगतान पर केंद्रीय पुस्तकालय सिस्टम द्वारा जेनेरेट की गयी रसीद जारी करेगा और विज्ञान पुस्तकालय ऐसे सभी भुगतानों के लिए मैन्युअल रसीद की प्रति जारी करेगा।

केंद्रीय पुस्तकालय और विज्ञान पुस्तकालय, सिक्किम विश्वविद्यालय में ईटीसी/पीओएस मशीन के माध्यम से इस तरह के जुर्माने के भुगतान की व्यवस्था 2 सितंबर 2019 के बाद से लागू होगी।

**[यह परिपत्र दिनांक 28.08.2019 को माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन से जारी है]**

देवाशीष पाल

**(देवाशीष पाल)**
**वित्त अधिकारी**

प्रतिलिपि :

1. कुलपति के निजी सचिव
2. कुलसचिव के निजी सचिव
3. वित्त अधिकारी के निजी सचिव
4. पुस्तकालयाध्यक्ष के सूचनार्थ
5. परीक्षा नियंत्रक के निजी सचिव
6. सभी अध्ययन विद्यापीठों के डीन
7. डॉ. लक्ष्मण शर्मा, छात्र कल्याण डीन
8. विभागों के अध्यक्ष/प्रभारी
9. ईमेल द्वारा सभी शिक्षण कर्मचारी
10. आंतरिक लेखा परीक्षा अधिकारी
11. श्री अभिजीत राई, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष
12. सभी गैर-शिक्षण कर्मचारी, ईमेल द्वारा
13. अध्यक्ष, सूसा
14. वैबसाइट समिति, परिपत्र को विश्वविद्यालय वैबसाइट में अपलोड करने हेतु
15. श्री अरुण के. थापा, यूडीसी (वित्त)
16. सभी सूचना पट
17. सरक्षा फ़ाइल